अग्रवाल महाविद्यालय इतिहास विभाग द्वारा अन्तर–महाविद्यालय प्रशनोत्तरी का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 09–09–2017 को संभाग प्रथम के सभागार में आन्तरिक गुणवता आश्वासन प्रकोष्ठ के दिशा निर्देश में इतिहास व राजनीति शास्त्र विभाग के द्वारा एक अन्तर–महाविद्यालय प्रशनोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था – भारत का स्वतंत्रता संग्राम (1857–1947) जिसमें जिला फरीदाबाद और पलवल के महाविद्यालय की विभिन्न टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अग्रवाल महाविद्यालय की बी.ए.–II वर्ष की छात्राओं वर्षा एवं सोनिया, द्वितीय स्थान पर सरस्वती महिला महाविद्यालय की बी.ए.–III की पायल और भारती व तृतीय स्थान पर डी.ए.वी. शताब्दी कॉलेज की बी.ए. के छात्र यशपाल और दीपक ने प्राप्त किया। प्रश्नोतरी प्रतियोगिता की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ कृष्ण कान्त जी ने की। उन्होंने सभी छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता का संघर्ष 1947 में समाप्त नहीं हुआ बल्कि आज तक भारत कई बुराईयों से स्वतन्त्रता पाने के लिए संघर्ष कर रहा है जिसमें युवा पीढ़ी का विशेष योगदान देश को चाहिए। उन्होंने छात्र–छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि लक्ष्य निरधारित करके उसे पाने के लिए निरन्तर परिश्रम करना चाहिए। उन्हें सामान्य ज्ञान से विज्ञान की ओर जाना चाहिए इससे वह प्रगति की ओर अग्रसर हो सकते हैं। उन्होंने सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये और सभी विजेताओं को शुभकामनाएँ भी दी तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। प्रतियोगिता का आयोजन इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह एवं राजनीति विभागाध्यक्षा श्रीमति रितु द्वारा किया गया। डॉ. जयपाल सिंह ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन किया। मंच संचालन इतिहास विभाग प्राध्यापिका श्रीमति विनीता शर्मा ने किया। अंत में राजनीति विभागाध्यक्षा श्रीमती रितु ने महाविद्यालय प्राचार्य, पुस्तकालय के अध्यक्ष डॉ. रामचन्द्र एव्म सभी उपस्थित प्राध्यापकों व छात्र–छात्राओं का धन्यवाद किया।